दिनांक 02.11.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बाजारों में ट्रैफिक एवं पार्किंग व्यवस्था बनाने सुबह से जोन आयुक्त उतरे मैदान में

भिलाईनगर/ दीपावली त्योहार पर खरीददारी को देखते हुए बाजार में व्यवस्था बनाने निगम का अमला जुटा हुआ है। लोगों को निर्धारित स्थल में वाहन पार्किंग कराने , सड़क पर सामान फैलाकर व्यवसाय नहीं करने और बेतरतीब तरीके से ठेला, पसरा लगाकर विक्रय करने वालों को व्यवस्थित तरीके से दुकान लगाकर व्यवसाय करने कयावद की जा रही है ताकि बाजार में खरीददारी के लिए आने वाले नागरिकों को आवागमन में समस्या न हो। सजावटी सामान, फूल माला और पूजा पाठ के सामान बेचने वालों के बैठने के लिए शहर के प्रमुख बाजारों में निगम प्रशासन द्वारा चूना मार्किंग कर दी गई है ताकि लोग आसानी से सामानो की खरीददारी कर सके। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत त्यौहार के मद्देनजर बाजारों में ट्रैफिक एवं पार्किंग व्यवस्था को दूरूस्त करने निगम का अमला मैदानी स्तर पर जुटा हुआ है। ट्रैफिक व्यवस्था चाक - चौबंद बना रहे इसके लिए निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर सभी जोन आयुक्त, राजस्व विभाग के अमले के साथ बाजार में घूम-घूम कर व्यवस्था बनाने में सुबह से ही जुटे रहे। भिलाई निगम एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवसासियों से अपील की जा रही है कि पार्किंग और सुरक्षा के लिहाज से समुचित व्यवस्था बनाए रखने में सभी सहयोग करे, बाजार में खरीददारी के लिए पहुंचने पर पार्किंग स्थल में अपना वाहन रखे। बाजारों में रात्रि में रोशनी के लिए निगम द्वारा जरूरत के मुताबिक लाईट लगाए गए है। राजस्व विभाग के कर्मचारी, उड़नदस्ता की टीम लगातार पावर हाउस सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, जवाहर मार्केट एवं सुपेला से गदा चौक तक व्यवस्था दुरुस्त रखने भ्रमण कर रहे हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी